कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

डी.एल.एड. परीक्षा 2022 आवेदन प्रस्तुत करने हेतु दिशानिर्देश

डी.एल.एड द्वितीय वर्ष परीक्षा–2022 (ऑनलाईन आवेदन)

निम्नलिखित श्रेणी के छात्राध्यापक इस परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे –

01–नियमित श्रेणी :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2020–21/प्रवेश वर्ष 2020 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में सम्मिलित होकर प्रथम वर्ष की परीक्षा उतीर्ण कर द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे हैं ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष नियमित श्रेणी में ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

02–पूर्ववर्ती श्रेणी :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2019–20/प्रवेश वर्ष 2019 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2020 में सम्मिलित होकर प्रथम वर्ष की परीक्षा उतीर्ण कर चुके हों या एक या दो विषयों में प्रोन्नत रहे हों। साथ ही इन छात्राध्यापकों ने डी.एल.एड. परीक्षा 2021 में द्वितीय वर्ष की परीक्षा दी हो तथा परिणाम अनुतीर्ण रहा हो या किसी कारणवश डी.एल.एड. परीक्षा 2021 में द्वितीय वर्ष की परीक्षा नहीं दे पाये हों, ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में पूर्ववर्ती (एक्स–छात्राध्यापक) द्वितीय वर्ष के रूप में ऑनलाईन आवेदन कर सकेगें।

03–पूरक द्वितीय अवसर श्रेणी :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2019–20/प्रवेश वर्ष 2019 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2020 में सम्मिलित होकर प्रथम वर्ष की परीक्षा उतीर्ण कर चुके हों या एक या दो विषयों में प्रोन्नत रहे हों। साथ ही इन छात्राध्यापकों ने डी.एल.एड. परीक्षा 2021 में द्वितीय वर्ष की परीक्षा दी हो तथा परिणाम एक या दो विषयों में पूरक रहा हो एवं द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा 2021 में पूरक विषय उतीर्ण नहीं कर पाये हैं या पूरक परीक्षा 2021 में सम्मिलित नहीं हुवे हों, ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में पूरक द्वितीय अवसर के रूप में ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

04–प्रोन्नत श्रेणी :–

डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में प्रोन्नत की दो श्रेणी के ऑनलाइन आवेदन रहेंगे :–

(अ) प्रोन्नत प्रथम अवसर :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2020–21/प्रवेश वर्ष 2020 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में सम्मिलित हो कर प्रथम वर्ष परीक्षा परिणाम में एक या दो विषयों में प्रोन्नत रहे हों, वे डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा 2022 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के साथ–साथ प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में प्रोन्नत विषयों का भी ऑनलाइन आवेदन प्रोन्नत प्रथम अवसर के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

(ब) प्रोन्नत द्वितीय अवसर :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2019–20/प्रवेश वर्ष 2019 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2020 में सम्मिलित हो कर प्रथम वर्ष परीक्षा परिणाम में एक या दो विषयों में प्रोन्नत रहे हों तथा इन्होने द्वितीय वर्ष परीक्षा 2021 के साथ प्रोन्नत विषयों की भी परीक्षा दी हो लेकिन प्रोन्नत विषयों को उत्तीर्ण नही कर पाये हों या डी.एल.एड. परीक्षा 2021 में प्रोन्नत विषयों की परीक्षा नहीं दे पाये हों, वे अपना ऑनलाइन आवेदन डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में प्रोन्नत द्वितीय अवसर के रूप में प्रस्तुत करेंगें।

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2022 (ऑनलाईन आवेदन)

निम्नलिखित श्रेणी के छात्राध्यापक इस परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे –

01–नियमित श्रेणी :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2021–22/प्रवेश वर्ष 2021 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष में अध्ययन कर रहे हैं, ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष नियमित श्रेणी में ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

02–पूर्ववर्ती श्रेणी :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2020–21/प्रवेश वर्ष 2020 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में सम्मिलित होकर अनुतीर्ण रहे हों या डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में सम्मिलित नहीं हो पाए हों, ऐसे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में पूर्ववर्ती (एक्स–छात्राध्यापक) प्रथम वर्ष के रूप में ऑनलाईन आवेदन कर सकेगें।

डी.एल.एड द्वितीय वर्ष परीक्षा–2022 (ऑफलाईन आवेदन)

यद्यपि सामान्यतः ऑफलाइन प्रकिया से आवेदनपत्र स्वीकार नहीं किए जाते हैं लेकिन विशेष परिस्थितियों, यथा – तकनीकी कारण से ऑनलाइन आवेदन सबमिट न हो पाना तथा जो परीक्षार्थी गत वर्षों की परीक्षाओं में विविध कारणों (न्यायिक प्रकरण, परिणाम में ऑफलाइन संशोधन इत्यादि) से ऑफलाइन आवेदन कर परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, केवल उन्हीं परीक्षार्थियों को ***ऑफलाईन प्रकिया*** से आवेदन की अनुमति रहेगी।

01–पूरक द्वितीय अवसर श्रेणी :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2019–20/प्रवेश वर्ष 2019 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष परीक्षा 2021 के लिए कतिपय कारणों से ऑफलाइन आवेदन कर परीक्षा के ऑफलाइन जारी परिणाम में एक या दो विषयों अथवा क्रियात्मक अभ्यास शिक्षण में पूरक रहे हों तथा डी.एल.एड. पूरक परीक्षा 2021 में पूरक विषय अथवा क्रियात्मक अभ्यास उत्तीर्ण नहीं कर पाये हो या डी.एल.एड. पूरक परीक्षा 2021 में सम्मिलित नहीं हुए हो, वे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में पूरक द्वितीय अवसर के रुप में ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

02–प्रोन्नत प्रथम अवसर :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2020–21/प्रवेश वर्ष 2020 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 के लिए कतिपय कारणों से ऑफलाइन आवेदन कर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा के ऑफलाइन जारी परिणाम में प्रोन्नत रहे हों, वे छात्राध्यापक डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष नियमित श्रेणी के लिए आफॅलाइन आवेदन के साथ–साथ प्रथम वर्ष परीक्षा 2021 में प्रोन्नत विषयों का भी ऑफलाइन आवेदन प्रोन्नत प्रथम अवसर के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

03–प्रोन्नत द्वितीय अवसर :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2019–20/प्रवेश वर्ष 2019 में प्रवेश लेकर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2020 में सम्मिलित हो कर प्रथम वर्ष परीक्षा परिणाम में एक या दो विषयों में प्रोन्नत रहे हों तथा इन्होने द्वितीय वर्ष परीक्षा 2021 में द्वितीय वर्ष के समस्त विषयों का ऑनलाइन किया लेकिन प्रथम वर्ष के प्रोन्नत विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया हो उन सभी को परीक्षा 2021 में प्रथम वर्ष के प्रोन्नत विषयों के लिए ऑफलाइन आवेदन करवा कर सम्मिलित किया गया लेकिन वे प्रोन्नत विषयों को उत्तीर्ण नही कर पाये हों या डी.एल.एड. परीक्षा 2021 में प्रोन्नत विषयों की परीक्षा नहीं दे पाये हों, वे अपना ऑफलाइन आवेदन डी.एल.एड. परीक्षा 2022 में प्रोन्नत द्वितीय अवसर के रूप में प्रस्तुत करेंगें।

सशर्त पूरक/सशर्त प्रोन्नत

(ऐसे परीक्षार्थी जिनके गत परीक्षा परिणाम में किन्हीं एक या दो विषयों के अंतरांकन में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थिति की स्थिति हो उन्हें सशर्त पूरक/सशर्त प्रोन्नत कहा जाता है)

01 सशर्त प्रोन्नत :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. प्रथम वर्ष परीक्षा 2020 में या प्रथम वर्ष पूर्ववर्ती परीक्षा 2021 में सम्मिलित हुए थे एवं उनका परिणाम एक या दो विषयों में सशर्त प्रोन्नत रहा था, इन छात्राध्यापकों को डी.एल. एड. परीक्षा 2022 के लिए द्वितीय वर्ष परीक्षा ऑनलाइन आवेदन के साथ सशर्त प्रोन्नत विषयों के लिए परीक्षा ऑनलाइन आवेदन नहीं करना है (कुछ छात्राध्यापक एवं संस्थाएं सशर्त प्रोन्नत विषयों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन कर देते हैं जो गलत है)।

02 सशर्त पूरक :–

ऐसे छात्राध्यापक जो कि डी.एल.एड. सत्र 2019–20/प्रवेश वर्ष 2019 में प्रवेश लेकर डी.एल. एड. द्वितीय वर्ष परीक्षा 2021 में सम्मिलत हुए थे एवं उनका परिणाम एक या दो विषयों में सशर्त पूरक रहा था, इन छात्राध्यापकों को डी.एल.एड. परीक्षा 2022 के लिए पूरक द्वितीय अवसर के रूप ऑनलाइन आवेदन नही करवाना है (कुछ छात्राध्यापक एवं संस्थाएं सशर्त प्रोन्नत विषयों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन कर देते हैं जो गलत है)।

सशर्त प्रोन्नत/सशर्त पूरक विषयों के अन्तरांकन के लिए क्या करें ?

1– ऐसे छात्राध्यापक जिनका डी.एल.एड. परीक्षा 2021 प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम ***सशर्त प्रोन्नत*** अथवा ***सशर्त पूरक*** रहा है तो इन छात्राध्यापकों के नवीन अन्तरांकन का कार्य निर्धारित प्रक्रिया एवं नियत समय सीमा में पूर्ण कर 30 अगस्त 2022 तक नवीन अन्तरांकन पंजीयक कार्यालय में आवश्यक रुप से जमा करावें

2– ऐसे छात्राध्यापक जिनका डी.एल.एड. परीक्षा 2020 के प्रथम व द्वितीय वर्ष परीक्षा का परिणाम ***सशर्त प्रोन्नत*** अथवा ***सशर्त पूरक*** रहा है तथा इन छात्राध्यापकों के नवीन अन्तरांकन का कार्य निर्धारित प्रक्रिया एवं नियत समय सीमा में पूर्ण कर लिया गया है परन्तु पंजीयक कार्यालय में नवीन अन्तरांकन जमा नहीं करवाये है तो ऐसे छात्राध्यापकों के अंतरांकन NCTE के अन्य सभी मापदण्ड पूरे करने की शर्त पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार 30 अगस्त 2022 तक जमा कराने का अन्तिम अवसर दिया जाता है, जिसमें नवीन अन्तरांकन अपने जिले की डाइट से अप्रूव करवा कर पंजीयक कार्यालय में पेश कर परिणाम संशोधन हेतु आवेदन करें, इसके बाद कोई आवेदन या दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

3– सशर्त प्रोन्नत/पूरक विषयों का नवीन अन्तरांकन संस्था द्वारा निर्धारित प्रारुप में भरा हुआ मूल प्रति जमा करवानी है ।

4– सशर्त प्रोन्नत/पूरक विषयों का नवीन अन्तरांकन अपने जिले की डाइट से प्रमाणीकरण किया हुआ जमा करवाना है ।

5– सशर्त प्रोन्नत/पूरक विषय का इन्टर्नशिप संस्था का आवंटन कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र एवं मूल्यांकन अंक प्रमाण पत्र की मूल प्रति ही कार्यालय में जमा करवाये ।

6– संस्था का फारवर्डिंग पत्र संलग्न हो कि उक्त कार्य छात्राध्यापक ने पूर्ण कर लिए हैं।

7– निर्धारित शुल्कः– डीडी/नगद केश शाखा से रसीद कटवायेंगे ।

8– मूल अंकतालिका प्रार्थना पत्र/संस्था फारवर्ड पत्र के साथ हो।

9– छात्राध्यापक के साथ आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। संस्था द्वारा डाक/प्रतिनिधि के जरिये आवेदन प्रेषित किया जाना आवश्यक है।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं
राजस्थान, बीकानेर